सीएसआईआर–सीरी में लैंगिक उत्पीड़न निवारण सप्ताह के उपलक्ष्य में आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन

भारत सरकार एवं सीएसआईआर मुख्यालय के निर्देशानुसार सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में मनाए गए **लैंगिक उत्पीड़न निवारण सप्ताह**–2025 के क्रम में सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीरी), पिलानी में 18 दिसंबर, 2025 को **आमंत्रित व्याख्यान** का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित नियमों तथा इस संबंध में भारत सरकार की प्रतिबद्धता एवं किए जा रहे प्रयासों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में **प्रोफेसर संगीता शर्मा**, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, बिट्स पिलानी को आमंत्रित किया गया। प्रोफेसर संगीता शर्मा ने लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर रोचक एवं उपयोगी व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की।

आमंत्रित व्याख्यान में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर–सीरी ने अध्यक्षीय संबोधन में प्रोफेसर शर्मा का स्वागत करते हुए कार्यस्थल पर **सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी वातावरण** की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने को संस्थान की प्राथमिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम संवेदनशीलता बढ़ाने और स्वस्थ कार्य संस्कृति विकसित करने में सहायक होते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सभागार में अतिथि एवं अन्य सहकर्मीवृंद

आमंत्रित व्याख्यान देती हुईं प्रोफेसर संगीता शर्मा, अध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, बिट्स-पिलानी

प्रोफेसर संगीता शर्मा ने कार्यस्थल पर महिला कार्मिकों के प्रति सम्मान, गरिमा और समानता के महत्व को रेखांकित किया और ‘उत्पीड़न’ शब्द को सरल शब्दों में परिभाषित करते हुए अनेक उदाहरणों सहित समझाया। उन्होंने विषय को अपनी विशिष्ट हास्ययुक्त शैली में प्रतिभागियों से परस्पर चर्चा करते हुए अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रोफेसर शर्मा ने अपने व्याख्यान में

सीएसआईआर–सीरी की **आंतरिक शिकायत निवारण समिति (आईसीसी)** की भूमिका, दायित्वों एवं कार्यप्रणाली को भी स्पष्ट किया तथा कर्मचारियों को समिति से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

प्रतिभागियों से चर्चा करती हुईं प्रोफेसर संगीता शर्मा

शॉल भेंट कर अतिथि का सम्मान करते हुए डॉ पी सी पंचारिया

आमंत्रित व्याख्यान के उपरांत डॉ पी सी पंचारिया ने प्रोफेसर संगीता शर्मा को संस्थान की ओर से **शॉल एवं स्मृति चिह्न** भेंट कर सम्मानित किया।

सहकर्मियों को आमंत्रित वक्ता का औपचारिक परिचय देते हुए
श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक

इससे पूर्व **श्री मधुरंजन पाण्डेय,** प्रशासन नियंत्रक ने अतिथि का औपचारिक परिचय दिया तथा आयोजन के महत्व एवं पृष्ठभूमि से अवगत कराया।

कार्यक्रम-संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन **श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी** ने किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रोचक व्याख्यान हेतु आमंत्रित अतिथि प्रोफेसर शर्मा एवं आयोजन के लिए मार्गदर्शन हेतु संस्थान के निदेशक एवं प्रशासन नियंत्रक के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान सक्रिय सहभागिता करते हुए कर्मचारियों ने चर्चा में भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत जीवंत एवं सार्थक बन सका। यह कार्यक्रम कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।